आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे

मंत्रिमंडल

प्रदेश सरकार ने वर्ष 2023 में आपदा प्रभावित परिवारों के लिए लाए गए विशेष राहत पैकेज को कुल्लू ज़िले के तांदी गांव में आग की घटना से प्रभावित परिवारों के लिए प्रदान करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज धर्मशाला में आयोजित प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में ये निर्णय लिया गया। राहत पैकेज के तहत तांदी गांव के प्रभावित परिवारों को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए 7 लाख रूपये जबकि आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए एक लाख और गौशालाओं के नुकसान के लिए 50 हज़ार रूपये प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा प्रभावितों को 30 जून 2025 तक मकान के किराए के भुगतान के लिए 5 हज़ार रूपये की मासिक सहायता प्रदान की जाएगी। मंत्रिमंडल ने एम्स नई दिल्ली की तर्ज पर अटल सुपर स्पेशिएलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान चमियाणा और डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय टांडा में रोबोटिक सर्जरी के लिए 56 करोड़ रूपये की लागत से अत्याधुनिक मशीनरी और उपकरणों की खरीद को भी स्वीकृति प्रदान की। बैठक में हिमाचल पथ परिवहन निगम के लिए 24 वातानुकूलित सुपर लग्जरी बसों की खरीद और कुल्लू बस स्टैंड व पीज पैराग्लाईडिंग प्वांईट के बीच रोपवे की स्थापना को भी मंजूरी दी गई।

बालिका दिवस

आज राष्ट्रीय बालिका दिवस है। यह दिन बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर समाज का ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। राष्ट्रीय बालिका दिवस 2025 का विषय है–उज्जवल भविष्य के लिए बालिकाओं का सशक्तिकरण। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज धर्मशाला में सरकारी स्कूलों की बच्चियों के साथ संवाद किया और उन्हें राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सरकारी स्कूलों में और सुविधाएं बढ़ाने के लिए बेटियों से सुझाव भी मांगे।

पूर्ण राज्यत्व

हिमाचल प्रदेश कल अपना 55वां पूर्ण राज्यत्व दिवस मनाएगा। पूर्ण राज्यत्व दिवस का राज्य स्तरीय समारोह कांगड़ा ज़िले के बैजनाथ में आयोजित होगा जहां मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और विभिन्न टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। पूर्ण राज्यत्व दिवस को लेकर बैजनाथ में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। 25 जनवरी 1971 को हिमाचल प्रदेश भारतीय गणराज्य का 18वां राज्य बना था।

बेटी बचाओ

केन्द्र सरकार के महिला व बाल विकास मंत्रालय द्वारा चलाए गए बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान के आकांक्षी ज़िला चंबा में सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि ज़िले में पी.सी.पी.एन.डी.टी एक्ट को सख्ती से लागू किया गया है और ज़िले में अभी तक भ्रूण हत्या का कोई भी मामले सामने नहीं आया है। उन्होंने कहा कि ज़िले में लिंगानुपात 9 सौ 80 के करीब है और बेटियों को पढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

संदेश

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर कल राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन आकाशवाणी के समूचे राष्ट्रीय नेटवर्क पर शाम 7 बजे से प्रसारित किया जाएगा। राष्ट्रपति के संबोधन को देखते हुए आकाशवाणी शिमला से रोजाना शाम 7 बजकर 45 मिनट पर प्रसारित होने वाला प्रादेशिक समाचार बुलेटिन कल शाम 6 बजकर 45 मिनट पर प्रसारित होगा।

मतदाता दिवस

प्रदेशभर में कल 25 जनवरी को 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नंदिता गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राज्यस्तरीय समारोह शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में आयोजित होगा। समारोह में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे।

बिंदल

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि संविधान गौरव अभियान के तहत प्रदेश के सभी एक सौ 71 मंडलों में संविधान के संबंध में विचार गोष्ठियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस दौरान संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया जा रहा है।

....